दिनांक 1 नवंबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मोबाइल मेडिकल यूनिट के सफलतम संचालन का 1 वर्ष पूर्ण, आयुक्त प्रकाश सर्वे ने चिकित्सक दल को किया सम्मानित

-भिलाई में 1 वर्ष में 65000 से अधिक लोगों का हुआ उपचार

भिलाई नगर/ 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर वर्ष 2020 में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा देने के लिए योजना का शुभारंभ हुआ था। तब से आमजन को उनके मोहल्ले में ही नि:शुल्क इलाज के साथ मुफ्त में दवाई मिलनी प्रारंभ हो गई थी और आज 1 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। मोबाइल मेडिकल यूनिट के सफलतम संचालन और मरीजों को स्वस्थ करने में अहम भूमिका निभाने वाले मोबाइल मेडिकल यूनिट के चिकित्सीय दल को निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने चिकित्सा स्टॉफ के कार्यों की सराहना की है! आयुक्त ने कहा कि 1 वर्ष में जो चिकित्सा सेवा मोबाइल मेडिकल यूनिट ने आमजन को हर कठिन परिस्थितियों में प्रदान की है वह अनुकरणीय है। शासन की मंशा अनुरूप मोहल्ले में ही स्वास्थ्य सेवा नि:शुल्क मिलने से मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। नोडल अधिकारी बी.के. देवांगन ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक 876 शिविर आयोजित किया जा चुका हैं, जहां 65970 हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं। वही दाई-दीदी क्लीनिक में महिलाएं, बालिकाएं बेझिझक महिला चिकित्सकों से अपना इलाज कराकर स्वास्थ्य लाभ ले रही है! अब तक इस क्लीनिक में 23323 हितग्राही लाभान्वित हो चुकी हैं। कोरोना कॉल जैसी विषम परिस्थिति में जन सामान्य बीमारियों के इलाज हेतु निरंतर शिविर लगाकर मोबाइल मेडिकल यूनिट शहर के गरीब , मजदूर, कम आय वर्ग एवं जरूरतमंद जनता के लिए वरदान साबित हुआ है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद रिंकू राजेश प्रसाद , सहायक अभियंता तपन अग्रवाल , डॉक्टर तृषा सिंह , स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह, एपीएम इशान शर्मा एवं भावना राजपूत सहित मोबाइल मेडिकल यूनिट के मेडिकल स्टॉफ मौजूद रहे।

जनसंपर्क अधिकारी